# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID- registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 107/07/एके0/एम.एस.यू./2025–26 दिनांकः 17/05/2025

## कार्यालय–आदेश

मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों में ग्रीष्मकालीन अवकाश दिनांक 22.05.2025 से 05.07.2025 तक रहेगा। उक्त अवधि में विश्वविद्यालय की सभी परीक्षायें पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न होती रहेंगी। इस अवधि के मध्य जो शिक्षक परीक्षा/प्रवेश के दौरान ड्यूटी प्रदान कर रहे हैं, उन्हें एक के बदले एक प्रतिकर अवकाश पूर्व की भाँति देय होगा, जिसे प्राचार्य स्तर से समायोजित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त सम्बन्धित प्राचार्यों का यह भी उत्तरदायित्व होगा कि वह अपने संस्थान में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों (Syllabus) को स्वयं के स्तर से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, तथा शेष अवकाश का समायोजन निम्नवत् होगाः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1.** | **रक्षाबंधन** | **–** | **01 अवकाश** |
| **2.** | **जन्माष्टमी** | **–** | **01 अवकाश** |
| **3.** | **दशहरा** | **–** | **02 अवकाश** |
| **4.** | **दीपावली** | **–** | **03 अवकाश** |
| **5.** | **शीतकालीन** | **–** | **04 अवकाश** |
| **6.** | **महाशिवरात्रि** | **–** | **01 अवकाश** |
| **7.** | **होली** | **–** | **02 अवकाश** |
| **8.** | **मकर सक्रांति** | **–** | **01 अवकाश** |

कुलसचिव

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थः–**

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
03. शैक्षणिक समन्वयक् विश्वविद्यालय परिसर।
04. वित्त अधिकारी।
05. परीक्षा नियंत्रक।
06. उपकुलसचिव (प्रवेश)।
07. सहा0 कुलसचिव परीक्षा/शोध/गोपनीय।
08. विश्वविद्यालय वैबसाइट मेन्टेनर को इस आशय के साथ प्रेषित कि वह संदर्भित सूचना वैबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
09. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
10. गार्ड फाईल।

उपकुलसचिव
(शैक्षणिक)